# University in News on 28 January 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# पुराने छात्र नए को कराएंगे प्रवेश की तैयारी

## निशुल्क यूट्यूब चैनल लखनऊ नामा की शुरुआत

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वर्तमान व पूर्व छात्रों ने एक अच्छी पहल शुरू की है। ये छात्र मिलकर नए सत्र 2022-23 में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा की निशुल्क तैयारी कराएंगे। इसके लिए यू-ट्यूब चैनल 'लखनऊ नामा' लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से वह इस पूरी प्रक्रिया को मूर्त रूप देंगे।

राजधानी में यूजी व पीजी में प्रवेश के लिए सर्वाधिक मारामारी लविवि के लिए होती है। इसमें कई विद्यार्थियों को निराशा होना पड़ता है। इसे देखते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर लविवि के कुछ वर्तमान व पूर्व छात्रों ने मिलकर एक पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत वे लविवि की आगामी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क यूट्यूब चैनल लखनऊ नामा के माध्यम से कराकर विद्यार्थियों की सहायता करेंगे। इसमें वे ऑनलाइन पूरी तैयारी कराएंगे। विद्यार्थियों को सिलेबस कैसे कवर करें, सवालों को किस तरह हल करें, प्रवेश परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इसके बारे में बताएंगे। इस पहल में पूर्व छात्र अमन श्रीवास्तव व वर्तमान छात्र विकास जायसवाल, निखिल वर्मा, विवेक चौरसिया शामिल हैं। सहायता के लिए लखनऊ नामा की टीम भी है। विवेक ने बताया कि हम वीडियो के माध्यम से नए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे व उचित अध्ययन सामग्री भी देंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही दिशा निर्देशों के साथ प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित करना व उच्च शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना है।

### लविवि : सम सेमेस्टर की शुरू हों कक्षाएं

**लखनऊ।** लविवि में भले ही अभी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई हो, लेकिन विवि प्रशासन ने 31 जनवरी से सम सेमेस्टर की कक्षाएं ऑनलाइन शुरू करने का निर्देश दिया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कोरोना संक्रमण के कारण स्थगित परीक्षाएं पुनर्निधारित की जा रही हैं। इस क्रम में परीक्षाएं शुरू होने तक विद्यार्थियों के सम सेमेस्टर की कक्षाएं शासन के निर्देशानुसार 31 जनवरी से शुरू करने की अपेक्षा की गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)



लविवि में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान परेड का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

### मेधावी छात्रा को दिए गए मेडल



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद बृहस्पतिवार को फिजिक्स डिपार्टमेंट की मेधावी छात्रा सारिका श्रीवास्तव को विभागाध्यक्ष प्रो. एनके पांडेय ने मेडल प्रदान किए। एमएससी 2019-21 बैच की इस छात्रा ने आधा दर्जन गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे। प्रो. पांडेय ने उसे मेडल व डिग्री प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। (माई सिटी रिपोर्टर)

### विवि-कॉलेजों में दिखा देशभक्ति का नजारा

राजधानी के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। एकेटीयू में कुलपति प्रो. पीके मिश्रा, लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने झंडा फहराया। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में रजिस्ट्रार संजय कुमार ने, श्री जेएनपीजी कॉलेज में प्राचार्या डॉ. मीता साह, कालीचरण पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. चंद्रमोहन उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज में के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय ने झंडा फहराया। लविवि में समाज कार्य विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रतियोगिता 'ओबिसेंस' का आयोजन किया गया। बीबीएयू में कुलपति प्रो. संजय सिंह ने ध्वज फहराया। इसके बाद झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य खंपारिया, डॉ. बबिता पांडेय, प्रो. आरए खान, डॉ. सूफिया अहमद, प्रो. संजीव चड्ढा, डॉ. आरएन भार्गव, डॉ. पीएस रजनीकांथ, प्रो. राम चंद्रा, डॉ. खेम बी थापा, डॉ. सुभाष यादव, प्रो. बीसी यादव, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय को सम्मानित किया गया।

## i-NEXT PAGE IV

# एलयू फरवरी में वापस करेगा बीएड की फीस

LUCKNOW (27 Jan): संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2021-23 में शामिल होने के बाद भी सीट न पाने वाले करीब 37 हजार कैंडीडेट्स के लिए राहत भरी खबर है. काउंसिलिंग कराने के बाद भी जिन कैंडीडेट्स को सीटें नहीं आवंटित हुई थीं, जल्द ही उनकी फीस वापस खाते में भेज दी जाएगी. लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एक फरवरी से फीस भेजने की तैयारी की है.

### एक फरवरी से शुरू होगी प्रक्रिया

एलयू ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी. एडमिशन के लिए दो महीने तीन दिन तक चली काउंसिलिंग की प्रक्रिया 20 नवंबर को समाप्त हुई थी. स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रदेश भर के करीब पांच हजार कैंडीडेट्स ऐसे हैं, जिन्होंने सीधी काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर 51,250 रुपए फीस जमा कर दी थी, लेकिन कोई सीट आवंटित नहीं हो पाई. इसके अलावा करीब 32 हजार कैंडीडेट्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने पहली और पूल काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए पांच हजार रुपए एडवांस में जमा किए थे. इन्हें भी सीट नहीं मिल पाई. इन सभी की फीस वापसी की प्रक्रिया एक फरवरी से शुरू करने की तैयारी है. कैंडीडेट्स की सूची तैयार कर ली गई है.

# इवेन सेमेस्टर की पढ़ाई एलयू में 31 से

LUCKNOW (27 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी व सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में अभी ऑड सेमेस्टर एग्जाम नहीं हो पाई हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी ने छात्र हित में इवेन सेमेस्टर की पढ़ाई 31 जनवरी से शासन की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शुरू कराने के लिए कहा है. इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए. एलयू ने बीते दिनों ऑड सेमेस्टर (फर्स्ट सेमेस्टर को छोड़कर) कुछ एग्जाम करा लिया था. उसके बाद कोविड संक्रमण की वजह से 15 और 17 जनवरी से शुरू होने वाले एग्जाम स्थगित कर दिया. अभी एग्जाम की नई डेट जारी नहीं की गई हैं. इस बीच यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इवेन सेमेस्टर (दूसरा, चौथा, छठा, आठवां सेमेस्टर आदि) का पठन-पाठन 31 जनवरी से शुरू करने के लिए निर्देश जारी किए हैं. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि ऑड सेमेस्टर के एग्जाम कोरोना महामारी के दृष्टिगत दोबारा निर्धारित की गई हैं. जिन्हें जल्द ही संचालित किए जाने की कार्यवाही चल रही है.

## PIONEER PAGE 3

# एलयू से लेकर केजीएमयू सहित शिक्षण संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लखनऊ।** 73 वें गणतंत्र दिवस पर लविवि से लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि, एकेटीयू, शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि सहित सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण धूमधाम से मनाया गया। लविवि में ध्वजारोहण के बाद विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विवि परिवार के लिए अपने संदेश की शुरुआत देश की अनेकता में अखंडता को याद करते हुए की। किंग जार्ज चिकित्सा विवि में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए गणतन्त्र दिवस की 73 वीं वर्षगाठ मनाई गई। इस अवसर पर चिकित्सा विवि के प्रांगण में विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल बिपिन पुरी द्वारा विवि के चिकित्सकों, अधिकारियों, छात्रों एवं कर्मचारियों के मध्य ध्वजारोहण किया गया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विवि में प्रातः 7 बजे विवि की एनसीसी यूनिट, योग विभाग और योगा वेलनेस सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह समेत विवि के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया।

## JAGRAN CITY PAGE IV

# लवि में आज से कालेज जमा कर सकेंगे परीक्षा फार्म

**लखनऊ :** लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फार्म शुक्रवार से जमा होंगे। महाविद्यालयों में छात्रों द्वारा आनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म को अपने लागिन के माध्यम से अग्रसारित करने के बाद सूची एक्सेल में निकाल कर कुल छात्रों की संख्या के अनुसार शुल्क एक साथ जमा करना है। कालेजों को छात्र संख्या के अनुसार शुल्क lu.fees.in पर लागिन कर चालान निकालकर फीस एक साथ चालान के माध्यम से जमा करनी होगी। (जासं)

# फिजिक्स की छात्रा को मिले छह गोल्ड मेडल

**लखनऊ:** लवि के भौतिक विज्ञान विभाग एमएससी 2019-21 बैच की छात्रा सारिका श्रीवास्तव को गुरुवार को दीक्षा समारोह के छह गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय ने छात्रा को स्व. चुन्नी लाल साहनी मेमोरियल गोल्ड मेडल, वार्ड मेमोरियल विद्यांत गोल्ड मेडल फार बेस्ट स्टूडेंट इन एमएससी, राजेंद्र नाथ सान्याल गोल्ड मेडल फार बेस्ट एमएससी प्रथम-द्वितीय वर्ष, अजय कुमार मित्रा गोल्ड मेडल, विजय शंकर त्रिपाठी गोल्ड मेडल, वार्ड मेमोरियल गोल्ड मेडल सहित कुल छह गोल्ड मेडल दिए। (जासं)

## THE PIONEER PAGE 4

At the Lucknow University, Vice-Chancellor Prof Alok Rai unfurled the national flag.

The Social Work Students' Council and The Literary Club of the LU Social Work Department organised an online quiz and an Open Mic session on Wednesday. The name of this event was "Obeisance". All the faculty members, research scholars and students participated in this online event with full enthusiasm through Google Meet platform.

Post-graduate student Shivangi Trivedi was the moderator and Prateek Agrahari the co-moderator of the event which started with a welcome address. Later, the quiz and Open Mic session was conducted.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 2



## AMRIT VICHAR PAGE 3

# लविवि : 31 से शुरू हो सकती है पढ़ाई

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कोरोना के चलते स्थगित हुई विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 जनवरी से दोबारा शुरू होनी थीं लेकिन, फिलहाल नया परीक्षा कार्यक्रम तैयार नहीं हुआ है, इसलिए अभी परीक्षाएं शुरू नहीं होंगी। हालांकि, विश्वविद्यालय और इससे सम्बद्ध कॉलेजों में 31 जनवरी से सम सेमेस्टर की कक्षाएं ऑफलाइन शुरू हो सकती हैं। अगर शासन से ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखने का आदेश नहीं आता है तो सोमवार से यहां ऑफलाइन पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

## TOI PAGE 2

# MSc physics student bags six medals

Times News Network

**Lucknow:** Lucknow University's physics department conducted a medal distribution ceremony for the highest medal winner of the department on Thursday. MSc student Sarika Srivastava had won six medals in the medal list declared by LU in November last year.



Due to Covid-19 restriction, the university could not confer medals to all its medal winners and had decided to award medals to high scorers at department level. Sarika was conferred all six medals by the physics department head, Prof NK Pandey. "Credit of my six medals goes to all my teachers and parents. I focused on studying every day rather than follwing a timetable," said Sarika.